भावी युग डिजिटल युग होगा : लोक सभा अध्यक्ष

नई दिल्ली, 26 जुलाई 2016 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज संसदीय ज्ञानपीठमें संसद सदस्यों के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के कार्यान्वयन के बारे में आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

यह टिप्पणी करते हुए कि भावी युग डिजिटल युग होगा, श्रीमती महाजन ने कहा कि हाल ही में डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की शुरुआत हम सबके लिए बहुत उपयुक्त और संगत है। डिजिटल रूप से सशक्त और जानकारी आधारित समाज तैयार करने के हमारे प्रयासों में यह कार्यक्रम इस दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चूँकि डिजिटल इंडिया एक तरह से नई धारणा है, इसलिए हममें से बहुत लोग इस कार्यक्रम के बारे में बहुत अधिक नहीं जानते होंगे और यह बहुत जरूरी है कि इस कार्यक्रम का लाभ व्यापक रूप से आम लोगों तक पहुंचाने के लिए इस परिचय कार्यक्रम के माध्यम से इसकी सही जानकारी जन प्रतिनिधि सदस्यों को दी जाए। उन्होंने इस नई पहल के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की सराहना की।

श्रीमती महाजन ने यह भी कहा कि जुलाई 2015 में शुरू किए गए डिजिटल इंडिया अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ऑनलाइन बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाकर, इंटरनेट कनेक्टिविटी बढ़ाकर और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश को डिजिटल दृष्टि से सशक्त बनाकर लोगो को सभी सरकारी सेवाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराई जाएँ। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस विषय के विशेषज्ञ डिजिटल इंडिया के स्वरुप के मुख्य घटकों, मेरी सरकार-सहभागितापूर्ण डिजिटल लोकतंत्र के सृजन और डिजिटल विलेज - ग्रामीण भारत को डिजिटल सेवाओं सेजोड़ने के बारे में सदस्यों को विस्तृत जानकारी देंगे।

श्रीमती महाजन ने इस बात पर भी जोर दिया कि हमारी संसद पूरी ईमानदारी से अपने काम-काज में सूचना प्रौद्योगिकी को अपनाने और इसे लागू करने में सरगर्मी से कोशिशें कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 17 जुलाई 2016 से लोक सभा सदस्यों के लिए एक ई -पोर्टल की शुरुआत की गई है जिससे सदस्यों को अपना संसदीय कार्य कुशलता से निपटाने में मदद मिलेगी। इससे कागजों के इस्तेमाल को कम करने और भविष्य में लोक सभा को पेपरलेस संस्थान बनाने में बहुत मदद मिलेगी।

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, श्री रवि शंकरप्रसाद; इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, श्री पी. पी. चौधरीजी' बी पी एस टी के मानद सलाहकार, श्री रघुनन्दन शर्मा और लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र भी उद्घाटन समारोह मेंशामिल हुए। इस कार्यक्रम का आयोजन लोक सभा सचिवालय के संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो द्वारा नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर स्मार्ट गवर्नमेंट के सहयोग से किया गया था ।